प. क्र. 4887 दिनांक 17.06.1998

# तृप्ति समाज सेवी संस्था

प्रशासनिक कार्यालय– सत्यवती निवास, श्रीरामचंद्र फ्युल्स के पीछे, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ0ग0)
मो. नं0 – 9981153800, 9009405000, E-mail:- tsssantha@yahoo.co.in

# वार्षिक प्रतिवेदन

## वर्ष– 2021-2022

## 01 जल जीवन मिशन –

जल जीवन मिशन की घोषणा 15 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री ने की है जल जीवन मिशन का मुख्य मुख्य उद्देश ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मे रहने वाले परिवारों को घर में शुद्ध पेय जल उपलब्ध करवाना हैं। हमारी संस्था द्वारा जिला – बालोद, बेमेतरा एवं गरियाबंद में जल जीवन मिशन का कार्य कर रही हैं। जो इस प्रकार से है–

| कमांक | जिला का नाम | विकासखंड | कुल ग्रामों की संस्था | परिवारों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बालोद | गुरूर | 26 | 7549 |
| 02 | बेमेतरा | बेमेतरा | 45 | 13517 |
| 03 | गरियाबंद | छुरा | 48 | 9391 |

जिला – बलोद, बेमेतरा एवं गरियाबंद में लोक स्वास्थ्य यात्रिकी, द्वारा हर घर नल योजना अंतर्गत तीनों जिले में गांवो में परिवारीक आधारभूत सर्वेक्षण, पानी का परीक्षण, बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु – चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता, रैली, प्रशिक्षण – पल्म्बर, इलिक्टीशियन, हेल्पर की सूची तैयार कर ट्रेंनिग प्रदान करना। वॉल पेटिंग एवं नुक्कड नाटक के माध्यक से ग्रामीण जागरूकता चलाया गया।






बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता

ग्रामीण क्षेत्रों में रैली एवं पोस्टर के माध्यम से लोगो को जागरूकता कार्यक्रम चलाया। संस्था के सचिव श्री भरत लाल साहु जी के उपस्थिति में ग्राम के सभी स्कुल में बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम के साथ जल के महत्व को बताया गया। जल ही जीवन नारा लगाया गया।








संस्था द्वारा महिलाओं का समुह तैयार किया गया उन्हे FTK प्रशिक्षण दिया गया। हर घर का सर्वेक्षण किया गया।

















जिला बालोद के ग्रुप लीडर श्री अमित कुमार साहु जी द्वारा ग्रामवासीयों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना की जानकारी दिया गया।








संस्था के सचिव श्री भरत लाल साहु जी द्वारा ग्राम वासियों को पानी समस्या को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए कहां की आज जो पानी की समस्या है वह हमारी है जल नही तो कल नही। साथ ही पानी के महत्व को बताते हुए कहा कि वे अपने घर में सोखता गढ्ढा, किचन गार्डन एवं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम वर्षा का जल संचय के लिए ग्रामवासीयों को प्रेरित किया।





## 2. स्वच्छता जागरूकता अभियान :–

संस्था द्वारा ग्राम – तुमगांव, जिला – महासमुंद में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम का नेतृत्व **संस्था के सचिव श्री भरत लाल साहू** द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में गंदगी से होने वाले गंभीर बिमारीयों से अवगत कराया गया। साथ स्वच्छता भारत अभियान के महत्व को समझाते हुए शौचालयों का प्रयोग करने हेतु ग्रामवासीयों को अपील किया गया।

ग्राम पंचायत तुमगांव के तालाब की सफाई की गई तथा सदैव तालाबों, नलकूपो तथा सार्वजनिक स्थलो को साफ–सफाई रखने हेतु ग्रामवासीयों को संकल्प दिलाया गया।






## 3. अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम(08 मार्च 2022) :–

संस्था द्वारा ग्राम पंचायत सीतापार, वि.खण्ड – सिमगा जिला बलौदा बाजार में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्रीमति पेमिन साहु जी के द्वारा की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सीतापार के सरपंच एवं पंचगण उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के ग्राम पंचायत सीतापार के 05 समुहो के 47 सदस्यों एवं निकट के ग्राम पंचायत लावर, धोधा एवं डोगरियां से समुह के सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता एवं उनके नेतृत्व निर्माण पर चर्चा किया गया साथ ही शासन के योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कि गयी। तत्पश्चात् स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## 04 विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून 2021) :–

संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2021 को ग्राम–पंचायत कुसमी जिला – बलौदा बाजार में पर्यावरण जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार रैली का आयोजन किया गया आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम के सचिव एवं समस्त ग्रामवासी की सहभागिता रही। आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण सुधार हेतु आमजन को जानकारी प्रदाय की गई साथ ही पर्यावरण सुधार में वृक्षो के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

पर्यावरण संतुलन बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण किये जाने तथा वृक्षारोपण किये जाने तथा वृक्षो की कटाई न किये जाने हेतु अपील किया गया। पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति एवं उसका विश्व के भविष्य का प्रभाव के बारे में बताया गया कि पर्यावरण है तो हमारा जीवन है पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना भी नही कि जा सकती। कार्यक्रम में संस्था के सचिव श्री भरत लाल साहू द्वारा वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रेरित किया गया तथा ग्रामवासीयों ने वृक्षारोपण किया तथा सकंल्प लिया कि हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा करेगे, हमारे गांव तथा आसपास के स्थान को भी हरियाली बनाये। ग्रामवासीयों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्य संपादित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



## 05. पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन :–

संस्था द्वारा आंगनबाडियों में जाकर पोषण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बच्चों एवं गर्भवती माताओं के खानपान के संबंध में जानकारी दी गई । साथ ही संस्था के अध्यक्ष श्रीमति प्रेमिन साहु जी के द्वारा इस संबंध में शासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी व ऐसे कार्यक्रमों में सहभागीता हेतु भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सामाजिक कुरूतियों को दुर करने हेतु दृढ़ संकल्प लेने अपील किया गया।